दोषी को मिली सजा

श्रावस्ती : अभियोजन अधिकारी नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि शस्त्र अधिनियम में दोषी खरगूपुर क्षेत्र के कटहरिया निवासी बालकराम को एसीजेएम देवर्षि देव ने जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई है। 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। (वि.)

दबोचे गए तीन आरोपित

श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट पुलिस टीम ने अभियान चलाकर अश्लील हरकत करने के आरोपित करनपुर निवासी सलामन खान को इमलिया चौराहे से, बहराइच जिले के मटेरा क्षेत्र के समोखन गांव निवासी संतोष को बुध बाजार व नवाबगंज के अंटहवा निवासी अयोध्या प्रसाद को रहमतू गांव से गिरफ्तार किया। (वि.)

आवास का उद्घाटन

श्रावस्ती : श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय, डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने गुरुवार को आईटीआई भिनगा के निकट नवनिर्मित एएसपी व सीओ आवास का फीता काटकर उद्घाटन किया। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, समाजसेवी प्रकाश चंद्र मौजूद रहे। (वि.)

नवनिर्मित आवास का हुआ लोकार्पण

श्रावस्ती। सिविल लाइन रोड भिनगा में अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ आवास का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित आवास का गुरुवार को लोकार्पण किया गया।

विधायक राम फेरन पांडेय, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने फीता काटकर नवनिर्मित भवन का शुभारम्भ किया। विधायक ने कहा कि इस नए भवनों की स्थापना से दोनों अधिकारी के लिए रहने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एसपी ने बताया कि भवनों का निर्माण, निर्माण अवधि में किया गया है। जिसमें चार-चार कमरे उपलब्ध हैं। साथ ही एक-एक हाल व किचन की व्यवस्था भी है। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

'भय और संकोच छोड़ मुखर बनें छात्राएं'

संसू, जागरण ● इकौना(श्रावस्ती) : मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत इकौना के जगतजीत इंटर कालेज में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को जागरूक किया गया। सीओ सतीश शर्मा ने छात्राओं को प्रेरित किया कि संकोच और भय को दूर कर मुखर बनें। हर गलत चीज का तुरंत विरोध करें।

सीओ ने कहा कि रास्ते में या स्कूल जाते समय कोई परेशान करे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। मिशन शक्ति थाना इकौना के नोडल विशाल शुक्ला व महिला उपनिरीक्षक अर्चना, महिला आरक्षी शालिनी ने छात्राओं को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने कहा कि शासन के मंशानुरूप महिलाओं और बेटियों को स्वावलंबी, सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए शारदीय नवरात्र पर्व से मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण की शुरुआत की गई है। यह अभियान 90 दिन तक चलेगा। प्रधानाचार्य घनश्याम भाष्कर, राम बिहारी वाजपेयी मौजूद रहे।

पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। वारंटियों की धरपकड़ के लिए गुरुवार को सिरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने वारंटी महराजदीन उर्फ कल्लू पुत्र रक्षाराम निवासी विशुनापुर पड़वलिया थाना सिरसिया को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। वारंटी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।